टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

पर्यवेक्षण एवं जवाबदेही के चैनलों सहित निर्णय लेने की प्रक्रिया में अपनाई गई प्रक्रिया विधि-

कम्पनी में निर्णय लेने की प्रक्रिया में निम्न चैनल निहित है-

निदेशक मण्डल
↓
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
↓
कार्यकारी निदेशक
↓
कार्यपालक

कम्पनी का समग्र प्रबंधन कम्पनी के भीतर उच्चतम निर्णय लेने वाले निकाय कम्पनी के निदेशक मंडल के पास निहित है। .

निदेशक मंडल कम्पनी के अंशधारकों के प्रति उत्तरदायी है जो कम्पनी के वास्तविक स्वामी हैं, टीएचडीसी के सार्वजनिक उपक्रम होने के कारण, कम्पनी का निदेशक मंडल भारत सरकार के प्रति भी उत्तरदायी है

कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार, कुछ मामलों में कम्पनी की आम बैठक में अंशधारकों के अनुमोदन की आवश्यकता होती है। ठीक उसी प्रकार कम्पनी की संस्था अन्तर्नियमों की शर्तो के अनुसार और लोक उद्यम विभाग के दिशा-निदेशों के अनुसार कुछ मामलों में भारत के राष्ट्रपति के अनुमोदन की आवश्यकता होती है।

निदेशक मंडल की प्रारंभिक भूमिका अंशधारकों के मूल्यों का संरक्षण एवं उसमें वृद्धि करने हेतु ट्रस्टीशिप के रूप में है। निदेशक मंडल कम्पनी के रणनीतिक निर्देशों पर निगाहाएं रखता है, कारपोरेट निष्पादन की समीक्षा करता है, रणनीतिक निर्णयों को प्राधिकृत एवं मॉनीटर करता है, विनियामकों का अनुपालन सुनिश्चित करता है तथा अंशधारकों के हितों की सुरक्षा करता है। निदेशक मंडल यह भी सुनिश्चित करता है कि कम्पनी अंशधारकों की आकांक्षाओं एवं सामाजिक अपेक्षाओं का सही ढंग से प्रबंधन कर रही है।

कम्पनी का दिन-प्रतिदिन का प्रबंधन अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को सौंपा गया है जिन्हें कार्यकारी निदेशकों, अन्य अधिकारियों एवं कम्पनी के स्टाफ द्वारा सहयोग दिया जाता है।

निदेशक मंडल द्वारा विशिष्ट कार्यो और अधिकारों युक्त विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को अपने कार्यो के प्रभावी निष्पादन हेतु निदेशक मंडल द्वारा काफी अधिकार सौंपे गए हैं। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने अपने उचित नियंत्रण के अध्यधीन, जो इन निदेशक/अधिकारियों को सौंपे गए उत्तरदायित्वों के शीघ्र, प्रभावी एवं कुशल निष्पादन हेतु आवश्यक हैं, कार्यकारी निदेशकों/अधिकारियों को विशिष्ट अधिकार सौंपे हैं।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, निदेशक मंडल के प्रति उत्तरदायी है। कार्यकारी निदेशक, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के प्रति उत्तरदायी है। अधिकारी, संबंधित कार्यकारी निदेशकों के प्रति उत्तरदायी हैं।